# Dr. Babasaheb Ambedkar Open University
## Term End Examination January - 2026

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Course** | **:** | **MAHS** | **Date** | **:** | **20/02/2026** |
| **Subject Code** | **:** | **MAHS-201** | **Time** | **:** | **11:30am to 01:45pm** |
| **Subject Name** | **:** | **पाश्चात्य-पद्धति विचार** | **Duration** | **:** | **2.15 Hours** |
| | | | **Max. Marks** | **:** | **70** |

---

**प्रश्न-1** पारंपरिक पाश्चात्य अध्ययन पद्धतियों की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए । **14**

**अथवा**

मार्क्सवादी विश्लेषण में वर्ग एवं अर्थशास्त्र की भूमिका का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ।

**प्रश्न-2** ओरिएंटलिस्ट अध्ययन-पद्धति के उद्भव, स्वरूप और उसकी आलोचना पर चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

सिग्मंड फ्रायड के अनुसार मनोविश्लेषण की पद्धति और उसके मुख्य तत्वों का विवेचन कीजिए ।

**प्रश्न-3** पाश्चात्य चिन्तन में स्वतंत्र अनुसंधान की सीमाओं और प्रतिबंधों पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

सॉस्यूर के संरचनावाद की अवधारणा को उदाहरण सहित समझाइए।

**प्रश्न-4** **संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए (कोई भीं दो )** **14**

1. न्यूनीकरणवाद
2. सांस्कृतिक भौतिकवाद
3. ओरिएंटलिज़्म
4. ऐतिहासिकतावाद

**प्रश्न-5** **नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।** **14**

1 दास कैपिटल के लेखक कौन हैं ?

(A) सिग्मंड फ्रायड (B) कार्ल मार्क्स (C) हर्बर्ट स्पेंसर (D) तुलसीदास

2 सांस्कृतिक भौतिकवाद की संकल्पना किस विद्वान ने दी थी?

(A) कार्ल मार्क्स (B) एडवर्ड सईद (C) मार्विन हैरिस (D) मिशेल फूको

3 सॉस्यूर के संरचनावाद की मूल अवधारणा किस पर आधारित है?

(A) भाषा के ऐतिहासिक विकास पर (B) भाषा को संकेतों की प्रणाली के रूप में देखने पर

(C) भाषा और धर्म के संबंध पर (D) भाषा के दार्शनिक तर्क पर

4 ऐतिहासिकतावाद की एक प्रमुख विशेषता है—

(A) वर्तमान को इतिहास से असंबद्ध मानना (B) शुद्ध संरचनात्मक दृष्टिकोण अपनाना

(C) साहित्य की व्याख्या ऐतिहासिक संदर्भों में करना (D) इतिहास को नकारना

5 निम्नलिखित में पाश्चात्य विद्वान् नहीं हैं ?

(A) कार्ल मार्क्स (B) सिग्मंड फ्रायड (C) नरसी मेहता (D) हेगल

6 Orientalism (प्राच्यवाद) पुस्तक के लेखक हैं ?

(A) एडवर्ड सईद (B) सिग्मंड फ्रायड (C) नरसी मेहता (D) हेगल

7 पारंपरिक पाश्चात्य अध्ययन पद्धतियों की सबसे बड़ी आलोचना क्या मानी जाती है?

(A) वे अनुभववाद पर अधिक बल देती हैं (B) वे औपनिवेशिक दृष्टिकोण से प्रभावित हैं

(C) वे भारतीय अध्ययनों को अधिक महत्व देती हैं (D) शुद्ध सांस्कृतिक अध्ययन तक सीमित रहती हैं

*****